आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार एकांश
देहरादून (उत्तराखण्ड)
मंगलवार 30.12.2025
समय 07.20

मुख्य समाचार :—

- केंद्र सरकार ने वित्तीय वर्ष 2025—26 के लिए उत्तराखंड को खनन क्षेत्र में सुधार के लिये 200 करोड़ रुपये की विशेष सहायता स्वीकृत की।
- सर्वोच्च न्यायालय ने अरावली पर्वत श्रृंखला की नई परिभाषा पर अपने ही आदेश पर रोक लगाई। सरकार का सर्वोच्च न्यायालय के फैसले का स्वागत।
- कीवी फल के उत्पादन को प्रोत्साहित करने के लिये राज्य में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस बनाया जाएगा।
- हरिद्वार में महिला समूहों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए क्लाउड किचन का प्रशिक्षण शुरू; 25 महिलाओं की किया जा रहा है प्रशिक्षित।
- राज्य के ऊंचाई वाले हिस्सों में आज बारिश और बर्फबारी की संभावना।

स्वीकृति

केंद्रीय वित्त मंत्रालय ने वित्तीय वर्ष 2025—26 के लिए उत्तराखंड को खनन क्षेत्र में सुधार के उद्देश्य से 200 करोड़ रुपये की विशेष सहायता स्वीकृत की है। यह सहायता "पूंजी निवेश हेतु राज्यों को विशेष सहायता योजना" के अंतर्गत दी गई है।

प्रदेश में माइनर मिनरल सुधारों और राज्य खनन तैयारी सूचकांक से जुड़े कार्यों को पूरा करने के लिए यह राशि जारी की गई है। यह स्वीकृति भारत सरकार के निर्धारित नियमों, उत्तराखंड सरकार के प्रस्ताव और खान मंत्रालय की संस्तुति के आधार पर दी गई है।

मुख्यमंत्री ने इस सहायता के लिए केंद्र सरकार का आभार जताते हुए कहा कि इससे राज्य के खनन क्षेत्र में सुधार कार्यों को गति मिलेगी और व्यवस्था को अधिक व्यवस्थित बनाने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि इस सहायता से खनन से जुड़े सुधार कार्यों को आगे बढ़ाया जाएगा, जिससे राज्य की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी।

आदेश पर रोक/सर्वोच्च न्यायालय

सर्वोच्च न्यायालय ने अरावली पहाड़ियों और अरावली पर्वत श्रृंखला की परिभाषा पर 20 नवंबर को जारी अपने आदेश पर रोक लगा दी है। मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जे.के. माहेश्वरी तथा ए.जी. मसीह की अवकाश पीठ ने इस सम्बंध में नई विशेषज्ञ समिति गठित करने का भी आदेश दिया। न्यायालय ने इस मुद्दे पर केंद्र तथा राजस्थान, गुजरात, दिल्ली और हरियाणा राज्य सरकारों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने अरावली पर्वतमाला से संबंधित अपने ही आदेश पर रोक लगाने के सर्वोच्च न्यायालय के फैसले और मुद्दों का अध्ययन करने के लिए नई समिति गठित करने का स्वागत किया है। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री यादव ने कहा कि सरकार अरावली पर्वतमाला के संरक्षण और जीर्णोद्धार के लिए हर संभव सहायता के लिए प्रतिबद्ध है।

परिवहन विभाग कार्रवाई/वाहनों की जांच

हरिद्वार–नजीबाबाद राष्ट्रीय राजमार्ग पर सड़क सुरक्षा को लेकर परिवहन विभाग और पुलिस ने सख्त कार्रवाई की। एआरटीओ, प्रवर्तन नेहा झा और संभागीय निरीक्षक के संयुक्त नेतृत्व में चलाए गए अभियान के दौरान अनफिट और ओवरलोड वाहनों की चैकिंग की गई। एक रिपोर्ट–

जांच में कई वाहन ओवरलोड, तकनीकी रूप से अनफिट, बिना वैध दस्तावेज़, बिना ड्राइविंग लाइसेंस और बिना नंबर प्लेट के पाए गए। कुछ वाहन चालक कार्रवाई से बचने के लिए वाहन छोड़कर फरार हो गए, जिनके खिलाफ नियमानुसार चालान किए गए। अभियान के दौरान 50 से अधिक वाहनों के चालान किए गए और ट्रैक्टर–ट्रॉली सहित 5 वाहनों को जब्त किया गया। इस कार्रवाई में दो लाख रुपये से अधिक का संयोजन शुल्क वसूला गया।

सड़क सुरक्षा को मजबूत करने के लिए वाहनों पर रिफ्लेक्टिव टेप भी लगाए गए, ताकि रात के समय दृ श्यता बढ़े और दुर्घटनाओं की संभावना कम हो। परिवहन विभाग और पुलिस ने स्पष्ट किया कि अनफिट और ओवरलोड वाहनों के संचालन पर ज़ीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई गई है और ऐसी कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। वाहन चालकों और स्वामियों से नियमों का पालन करने और सड़क सुरक्षा में सहयोग की अपील की गई है।

बहुउद्देशीय शिविर

'जन–जन की सरकार, जन–जन के द्वार अभियान के तहत विकास नगर ब्लॉक मुख्यालय में बहुउद्देशीय शिविर आयोजित किया गया। उप जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुए इस शिविर के माध्यम से विभिन्न विभागीय योजनाओं का लाभ एक हजार 590 लाभार्थियों को प्रदान किया गया।

शिविर में ग्रामीणों द्वारा 65 शिकायतें दर्ज कराई गईं, जिनमें से 35 का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शेष शिकायतों को संबंधित विभागों को भेजते हुए प्राथमिकता के आधार पर समाधान के निर्देश दिए गए। शिविर में पेयजल, बिजली, सड़क, सिंचाई, राशन कार्ड, प्रमाण पत्र और कूड़ा निस्तारण से जुड़ी समस्याएं प्रमुख रहीं।

इस दौरान स्वास्थ्य विभाग द्वारा एलोपैथिक, होम्योपैथिक और आयुर्वेदिक पद्धति से जांच कर निःशुल्क दवाइयां वितरित की गईं। पशुपालन विभाग ने पशुपालकों को दवाएं उपलब्ध कराईं। राजस्व विभाग ने प्रमाण पत्र जारी किए, जबकि समाज कल्याण विभाग ने पात्र लोगों की पेंशन स्वीकृत की।

सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर कीवी

कीवी फल के उत्पादन को प्रोत्साहित करने के लिये राज्य में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस बनाया जाएगा। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कल चमोली जिले के गौचर में आयोजित राज्य स्तरीय किसान दिवस कार्यक्रम में ये घोषण की। उन्होंने मुक्तेश्वर में 100 करोड़ रुपये की लागत से क्लीन प्लांट सेंटर स्थापित करने और जंगली जानवरों से फसलों की सुरक्षा के लिए घेरबाड़ योजना में इस वर्ष 90 करोड़ रुपये का अतिरिक्त बजट देने की घोषणा भी की।

केंद्रीय मंत्री ने उत्तराखंड में कृषि क्षेत्र में हो रहे बदलावों और राज्य सरकार के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि बेहतर पौध सामग्री उपलब्ध कराने और उत्पादन बढ़ाने के लिए केंद्र सरकार, राज्य के साथ मिलकर कार्य कर रही है।

श्री चौहान ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना–4 के अंतर्गत राज्य की 309 बसावटों को जोड़ने के लिए एक हजार दो सौ किलोमीटर सड़कों के निर्माण के लिये सत्रह सौ करोड़ रुपये से अधिक की स्वीकृति का पत्र मुख्यमंत्री को सौंपा।

क्लाउड किचन प्रशिक्षण

हरिद्वार में महिला समूहों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए क्लाउड किचन का प्रशिक्षण शुरू किया गया है। इसके साथ ही हरिद्वार, राज्य का पहला ऐसा जिला बन गया है, जहां महिला समूहों को क्लाउड किचन का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि ज़िले में औद्योगिक क्षेत्रों और कंपनियों में काम करने वाले श्रमिकों के लिए घर जैसा भोजन उपलब्ध कराने की आवश्यकता को देखते हुए महिलाओं को क्लाउड किचन का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इससे महिलाएं कम लागत में घर से ही अपना स्वरोजगार शुरू कर सकेंगी। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड की 25वीं वर्षगांठ के अवसर पर ज़िले की 25 महिला समूहों को यह प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण पूरा होने के बाद महिलाओं को फूड लाइसेंस दिया जाएगा और आजीविका मिशन के माध्यम से ऋण सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी।

मौसम

राज्य के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में आज बारिश और बर्फबारी की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग के अनुसार, तीन हजार दो सौ मीटर से अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों सहित चमोली, उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग और पिथौरागढ़ जिलों में कुछ स्थानों पर बारिश और बर्फबारी हो सकती है।

वहीं, राज्य के मैदानी इलाकों में अधिकांश जगहों पर आज मध्यम से घना कोहरा छाया हुआ है। दूसरी ओर, मौसम विभाग ने हरिद्वार और उधमसिंह नगर जिलों में शीत दिवस को लेकर यलो अलर्ट जारी किया है। इसे ध्यान में रखते हुए दोनों जिलों के प्रशासन ने आज सभी स्कूलों और आंगनवाड़ी केंद्रों में अवकाश घोषित किया है।

इधर, पहाड़ी क्षेत्रों में ठंड में काफी इजाफा हुआ है, जबकि मैदानी इलाकों में भी तापमान में गिरावट दर्ज की जा रही है। बढ़ती ठंड को देखते हुए शासन–प्रशासन द्वारा विभिन्न स्थानों पर अलाव की व्यवस्था की गई है।

एक नजर आज के समाचार पत्रों की सुर्खियों पर––

केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान के चमोली ज़िले में आयोजित किसान दिवस में शामिल होने की ख़बर आज सभी समाचार पत्रों की सुर्खियों में है। उत्तराखंड फल सब्जी उत्पादन का हब बनेगा। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के हवाले से शीर्षक देते हुए हिंदुस्तान समाचार पत्र लिखता है– केंद्र और राज्य सरकार मिलकर उत्तराखंड को फल और सब्जी उत्पादन की वैश्विक राजधानी बनाने का संकल्प लेकर कार्य कर रहे हैं।

इसी खबर पर दैनिक जागरण समाचार पत्र का शीर्षक है उन्नत बीजों के लिए मुक्तेश्वर में 100 करोड़ से बनेगा क्लीन प्लांट सेंटर।

आपदा के बाद सहारा बना देहरादून जिला प्रशासन, 48 परिवारों को दी गई 17 लाख की राहत इस खबर को सभी समाचार पत्रों में स्थान मिला है।

एक अन्य ख़बर पर हिंदुस्तान समाचार पत्र लिखता है– दून विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में राज्यपाल ने छात्रों को किया संबोधित, कहा–एआई से भारत कर रहा विश्व का नेतृत्व।